-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 09.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **क्षेत्राधिकारी यातायात तथा निरीक्षक यातायात द्वारा बड़े पैमाने पर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान । साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए बांटे गए पंपलेट ।**

विवरण– यातायात सुरक्षा जागरूकता अभियान के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये तथा लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किये जाने के क्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राजवीर सिंह गौर तथा निरीक्षक यातायात श्री राजेश कुमार द्वारा आज दिनांक 09.11.2024 को बड़े पैमाने पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया । स्पीड लेजर गन से गति सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों , शराब पीकर वाहन चलाने वाले चार पहिया वाहन पर काली फिल्म लगाकर चलने वाले तथा हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर 3378 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई तथा कुल 4294900 रुपये का ई चालान किया गया । साथ ही ई रिक्शा चालकों को भी विषेश रूप से यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट का प्रयोग करने के लिये प्रोत्साहित किया गया ।